CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:27 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:53 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



सिनेमा में योगदान के लिए मिला...पेज-3 पर

हल्द्वानी    वर्ष 19 अंक 77 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु.    गुरुवार, 10 सितम्बर 2026

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन और मुख्यमंत्री धामी ने की पूजा अर्चना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



बेरीपड़ाव उत्तराखंड की सियासत में 2027 विधानसभा चुनाव की आहट के बीच गुरुवार को बेरीपड़ाव का श्री महालक्ष्मी अष्टभुजा मंदिर अचानक सियासी चर्चाओं के केंद्र में आ गया। नैनीताल जिले के हल्द्वानी दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक साथ मंदिर पहुंचकर मां महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। दोनों नेताओं ने विधि-विधान से पूजन कर प्रदेश और देशवासियों की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

धार्मिक माहौल में हुई इस पूजा ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को जरूर गर्म कर दिया है। वजह भी साफ है—एक ओर प्रदेश में भाजपा संगठन 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटा है, तो दूसरी ओर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का उत्तराखंड दौरा संगठन और सरकार दोनों के लिए अहम माना जा रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री धामी के साथ उनका एक ही मंच पर और फिर मंदिर में एक साथ नजर आना सियासी नजरों से भी देखा जा रहा है।

हालांकि मंदिर में कार्यक्रम पूरी तरह धार्मिक रहा और नेताओं ने प्रदेश की उन्नति व जनकल्याण के लिए प्रार्थना की, लेकिन 2027 की चुनावी तैयारियों के बीच सामने आई यह तस्वीर राजनीतिक मायने तलाशने वालों के लिए चर्चा का विषय बन गई है। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की निरंतर प्रगति, शांति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। वहीं नितिन नवीन ने भी प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट, अनिल बलूनी, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट समेत कई जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु मौजूद रहे।

अब राजनीतिक नजरिए से देखें तो बेरीपड़ाव के महालक्ष्मी मंदिर से सामने आई धामी और नितिन नवीन की तस्वीर ने उत्तराखंड भाजपा के भीतर 2027 को लेकर चल रही चर्चाओं को और हवा दे दी है। भाजपा सत्ता की हैट्रिक के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है और संगठन लगातार प्रदेश में अपनी सक्रियता बढ़ा रहा है।

## News कॉर्नर

### तीन दिन बाद भी गैंगस्टर समेत तीन अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से दूर

**रुद्रपुर।** गांधी पार्क के पास दिनदहाड़े युवक पर तलवार और डंडों से जानलेवा हमला करने वाले तीन अभियुक्त अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। कौशल शर्मा,गगन रतनपुरिया और एक अज्ञात अभियुक्त को पकड़ने के लिए पुलिस संभावित स्थलों पर दबिश दे रही है। हालांकि पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक छह सितंबर की सुबह भदईपुरा निवासी आकाश यादव गांधी पार्क के पास खड़ा था। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान स्कार्पियो सवार कौशल शर्मा,पवन शर्मा,गगन रतनपुरिया और सुमित चौधरी समेत एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे घेर लिया और गाली गलौज के बाद आरोपियों ने तलवार और डंडों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में आकाश घायल हो गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था।
सोमवार देर शाम पुलिस ने सुमित चौधरी और पवन शर्मा को बागवाला फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### प्रेमी और उसके दोस्त पर दुष्कर्म की कोशिश में प्राथमिकी दर्ज

**रुद्रपुर।** युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, कोर्ट मैरिज के बाद हत्या और दुष्कर्म करवाने की कोशिश मामले में पुलिस ने गांधी कॉलोनी निवासी अंकित और उसके दोस्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी नगर निगम में सफाई कर्मचारी बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक युवती का अभियुक्त के साथ लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि अभियुक्त ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो अभियुक्त ने उसके साथ कोर्ट मैरिज कर ली, लेकिन इसकी जानकारी किसी को देने से मना कर दिया। उसने युवती को जल्द ही पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी करने का भरोसा दिया।

हूतियों को ईरान का प्रॉक्सी बताने पर बघाई का पलटवार

## पश्चिम एशिया में फिर बढ़ा तनाव धमाकों से दहले सऊदी और ईरान

नई दिल्ली

एजेंसी



ईरान के केशम, सिरिक और मिनाब समेत तटीय इलाकों में बुधवार को कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं, जबकि ईरानी मीडिया ने सऊदी अरब के किंग फहद एयर बेस और ताइफ में भी धमाकों की खबर दी है। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त हुआ है जब डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी मध्यावधि चुनाव के बाद ईरान के साथ युद्ध तुरंत खत्म हो सकता है।

ईरान के सरकारी प्रसारक 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग' के अनुसार, सिरिक और मिनाब काउंटी के तटीय इलाकों में बुधवार को लगातार कई धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। इन घटनाओं को लेकर होर्मोजगान प्रशासन ने बताया कि केशम में सुनी गई आवाजों का स्रोत समुद्र में पाया गया है। वहीं, आईआरआईबी ने अरब मीडिया के हवाले से बताया कि सऊदी अरब के किंग फहद एयर बेस पर भी कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इसके अलावा, ईरानी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने खबर दी कि सऊदी शहर ताइफ में भी धमाकों की आवाजें सुनी गईं। सऊदी मीडिया के हवाले से आईआरएनए ने कहा कि इलाके में कम से कम दो जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई है।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि ईरान के साथ चल रहा युद्ध आगामी अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के बाद तुरंत खत्म हो जाएगा। ट्रंप ने तेहरान पर आरोप लगाया कि वह इस उम्मीद में संघर्ष को खींच रहा है कि वाशिंगटन में सत्ता परिवर्तन हो और उसे परमाणु हथियार हासिल करने का मौका मिल सके। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें उम्मीद है कि ईरान के साथ राजनयिक बातचीत फिर से शुरू होगी या सैन्य अभियान दोबारा शुरू किया जाएगा, तो उन्होंने संकेत दिया कि वाशिंगटन फिलहाल बातचीत को लेकर जल्दबाजी में नहीं है। हालिया सैन्य अभियानों ने ईरानी सरकार को बुरी तरह कमजोर कर दिया है। किसी भी अंतिम कूटनीतिक समाधान का दायरा पारंपरिक परमाणु समझौतों तक सीमित नहीं होगा, बल्कि इसमें उससे कहीं अधिक व्यापक मुद्दे शामिल होंगे।

## 'शुद्धीकरण' पर एफआईआर के बाद धरना स्थगित, 15 दिन का अल्टीमेटम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रामलीला मैदान में कथित शुद्धीकरण को लेकर शुरू हुआ विवाद अभी थमा नहीं है। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद बुधपार्क में विभिन्न संगठनों की ओर से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया गया। हालांकि आंदोलनकारियों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए 15 दिन में आरोपियों को नामजद कर गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दिया है।

धरने के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आंदोलन के दबाव के बाद करीब एक महीने में पुलिस ने प्राथमिकी तो दर्ज कर ली, लेकिन आरोपियों के नाम दर्ज करने के बजाय अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। उनका आरोप था कि एक माह की जांच के बाद भी यदि पुलिस आरोपियों की पहचान नहीं कर पाई है तो कार्रवाई की गंभीरता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। संगठनों ने आरोप लगाया कि पुलिस जानबूझकर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि 15 दिन के भीतर कथित शुद्धीकरण करने वालों को नामजद कर गिरफ्तार नहीं किया गया तो संयुक्त संगठनों की ओर से दोबारा उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने कहा कि मामले में निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई होने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। धरने में अम्बेडकर मिशन के अध्यक्ष जीआर टम्टा, भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय, एडवोकेट अंजू राज, बीएल आर्य, प्रवीण आर्य, मूल निवासी संघ के प्रदेश संगठन सचिव आरपी गंगोला, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, गोविंद राम गौतम, किसान महासभा बागजाला के सचिव वेद प्रकाश, आइसा नेता आकाश भारती, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रजनी जोशी समेत कई लोग मौजूद रहे।



## रेलवे भूमि विवाद में फिर टली सुनवाई, अब 18 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी अगली सुनवाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रेलवे भूमि अतिक्रमण से जुड़े बहुचर्चित मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद अब तस्वीर अगले दो महीने तक के लिए साफ हो गई है।

उत्तराखंड सरकार और रेलवे की ओर से मामले में जल्द सुनवाई की मांग की गई, लेकिन दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुनने के बाद कोर्ट ने अगली तारीख निर्धारित करने के आदेश दिए। शाम को आदेश पारित होने के बाद अगली सुनवाई के लिए 18 नवंबर 2026 की तारीख तय की गई है। मामला रेलवे एवं प्रदेश सरकार बनाम हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी से जुड़ा है और हल्द्वानी के रेलवे अतिक्रमण प्रकरण को लेकर लंबे समय से कानूनी लड़ाई चल रही है। बुधवार की सुनवाई के दौरान उत्तराखंड सरकार और रेलवे की ओर से शीघ्र सुनवाई का आग्रह किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अगली तारीख तय करने के निर्देश दिए।

मुख्य याचिकाकर्ता हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंज़ाल्वीज, अधिवक्ता मानिक गुप्ता, रिया यादव और फ़ैज़ान अंसारी ने पैरवी की। अब मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी, जिस पर हल्द्वानी की निगाहें टिकी रहेंगी।

### कॉलेज में तमंचा लहराने वाले छात्र की 'जेल यात्रा'

**हल्द्वानी।** छात्र संघ चुनाव की सरगर्मी के बीच एमबीपीजी कॉलेज में तमंचा लेकर पहुंचने वाले छात्र को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कॉलेज परिसर में हथियार पहुंचने की घटना के बाद मचे हड़कंप ने चुनावी माहौल में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बुधवार को संदिग्ध हालत में कॉलेज परिसर में घूम रहे छात्र को अन्य छात्रों ने पकड़ लिया था। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा बरामद होने की बात सामने आई। इसके बाद परिसर में अफरातफरी मच गई। छात्रों ने आरोपी को पकड़कर प्राचार्य कक्ष तक पहुंचाया, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया था।

## संगठन की मजबूती पर मंथन, वरिष्ठ नेता मजहर नईम नवाब से मिले अनीस गौड़

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे ने संगठन को और मजबूत करने की दिशा में मंथन तेज कर दिया है। इसी क्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मजहर नईम नवाब से शिष्टाचार मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। यह मुलाकात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार अहमद के कार्यालय में हुई। इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और अल्पसंख्यक मोर्चे की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अनीस गौड़ ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं के परिश्रम, वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और सामूहिक प्रयासों से लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद से संगठनात्मक कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ जनसेवा से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार अहमद व राव जमीर, प्रदेश प्रवक्ता जहीर अंसारी और प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक यूसुफ मलिक मौजूद रहे।

# शुद्धिकरण राहुल गाँधी और कांग्रेस का विभाजनकारी षड्यंत्रः नीतिन नबीन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कांग्रेसी अशुद्धिशकरण के झूठ पर जोरदार हमला करते हुए इसे राहुल गाँधी और कांग्रेस नेतृत्व का विभाजनकारी षड्यंत्र बताया है।




उन्होंने पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति को संबोधित करते हुए देवभूमि को पार्टी वैचारिक प्रतिबद्धता की भूमि बताया। वहीं आह्वान किया कि 27 विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत के साथ हमें 29 के आम चुनाव की तरफ से मजबूती से कदम बढ़ाना है। उन्होंने भाजपा सरकार और प्रदेश संगठन की तारीफ करते हुए कहा, कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य और जनता का विश्वास बताता है कि उत्तराखंड में भाजपा का विजय रथ नहीं रुकने वाला है। वहीं मुख्यमंत्री धामी ने आवाहन किया कि अब समय आ गया है कि सरकार के कार्यों एवं उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाकर उनका विश्वास हासिल किया जाए। जिसके साथ हमें उनका भी बेनकाब करना है जो तुष्टीकरण एवं जातिवाद से देश समाज को बांटना चाहते हैं। कार्यसमिति के दूसरे सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसी हल्द्वानी की धरती से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक राजनीतिक खेल खेलने का, षड्यंत्र रचने का काम किया। जो उनकी विभाजनकारी राजनीति है और विभाजनकारी सोच है। वे इस उत्तराखंड की पवित्र भूमि को अपवित्र कर ही नहीं सकती, जहाँ के लोग तो अपने गुरुओं को, अपने देवों, देवी-देवताओं को पूजते हैं। और हमारे लिए यहाँ के हर पत्थर में, कण-कण में शंकर बसा है, हम उस सोच के लोग हैं लेकिन यह जरूर है कि उन्होंने राजनैतिक खेल खेलने का प्रयास किया, जिस पवित्र भूमि से धर्म विशेष के नारे लगाए, इस पवित्र भूमि को अपमानित करने का काम किया। कहीं न कहीं आप उस पर राजनीति करना चाहते थे, इसलिए यहां राजनीति रोटी सेकने का प्रयास किया। मैं तो इसको षड्यंत्र मानता हूँ। उन्होंने कहा कि इसी कांग्रेस के लंबे समय तक जब धारा 370 जम्मू-कश्मीर में चल रहा था, तो वाल्मीकि समाज के बेटे-बेटियाँ जो भले एम.ए. कर जाएँ, पीएच.डी. कर जाएँ, पर उनको सफ़ाई कर्मचारी के रूप में ही काम करने के लिए विवश किया जाता था। यह कोई और नहीं, कांग्रेस की सरकार की देन थी! वो आज कहते हैं कि हम दलितों का सम्मान करेंगे! आज दलितों का सम्मान, समाज के उस वर्ग का सम्मान किसी ने किया, तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया, जो अंबेडकर जी के नाम पर पंचतीर्थ बनाकर आगे बढ़ाया।

उन्होंने कहा, हमारे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड का निर्माण में अपना नेतृत्व दिया है। अब हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इसको सँवारने का काम हम सब मिलकर करने वाले हैं। जिस प्रकार से मुख्यमंत्री, जनता का विश्वास और जनता के विकास की चिंता कर रहे हैं। उसे देखते में विश्वास से कह सकता हां कि हम सब मिलकर 2027 में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे।

आज डबल इंजन की सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। यहां पंचायत निकाय सभी जगह हम जीते हैं, यहां ट्रिपल इंजन की सरकार की ताकत से हम काम कर रहे हैं। विपक्ष की सरकारों की प्राथमिकता में पहाड़ों का विकास नहीं था लेकिन उत्तराखंड के विकास के लिए हमेशा अपने संकल्प को सिद्धि तक पहुँचाया है। आज दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस से लेकर चार धाम के ऑल वेदर रोड से लेकर कई सड़क की परियोजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो रहा है। लेकिन जब सत्ता में कांग्रेस बैठी थी, तो उन दुर्गम पहाड़ियों में हमारे लोगों के जीवन कैसे अनुकूल हों, कैसे उनको सुख-सुविधाएं मिलें, इसकी चिंता नहीं होती थी। इनकी सरकारें सीमा पर डर के मारे सड़कें नहीं बनाते थे कि कहीं उनसे दुश्मन आ जाएगा। लेकिन नेतृत्व परिवर्तन से, सोच के परिवर्तन से किस प्रकार से देश के करोड़ों लोगों का मनोबल बदलता है, आप देख सकते हैं। आज सीमाओं तक पक्की सड़कें बनी हैं और चीन जैसे देश की हिम्मत नहीं है कि भारत की तरफ आँख उठाकर देख सके। यह हमारी नेतृत्व क्षमता का प्रभाव है।

उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि 60 वर्षों तक शासन करने वाली पार्टी अब देश और विदेश में झूठा भ्रम और अफवाह फैलाने का काम कर रही है हम सबको जनता के बीच जाकर उनके इसी काले चेहरे को बेनकाब करना है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री मोदी के उसे कथन को पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है जिसके तहत यह दशक उत्तराखंड का होगा। कहां प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों का ही नतीजा है कि इस वर्ष अब तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालु चार धाम की यात्रा पर आ चुके हैं इसी तरह जहां आदि कैलाश में 500 लोग भी नहीं पहुंचते थे इस वर्ष यह संख्या 60000 के पार पहुंच गई है। वही सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अब समय आ गया है कि अपनी उपलब्धियां का रिपोर्ट कार्ड लेकर हमें घर-घर जाना है और 27 की जीत को निश्चित करना है।



## भाजपाईयों ने उठाई मृतकों को आर्थिक मदद देने की मांग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में भाजपाईयों के शिष्टमंडल ने अपर जिलाधिकारी गौरव असवाल के माध्यम से सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर नैनीताल शहर के समीप ज्योलीकोट क्षेत्र में पीलिया व डायरिया एवं अन्य जल जनित बीमारियों के प्रकोप तथा बीमारी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को सहायता एवं आर्थिक सहायता दिए जाने संबंधी मांग की। शिष्टमंडल ने सीएम से तत्काल जांच एवं सैनिटाइजेशन कराया जाए व डायरिया और अन्य जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम तैनात की जाए। बीमारी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को उचित आर्थिक सहायता मुआवजा प्रदान किया जाए ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष भवाली हिमांशु बिष्ट ,भाजपा कार्यकर्ता अरविंद सिंह पडियार तथा जिला मंत्री संतोष कुमार, प्रकाश,भूपेंद्र सिंह बिष्ट,आनंद बिष्ट, उमेश भट्ट,पंकज बर्गली,खजान सिंह डंगवाल, विक्रम रावत,पूरन सिंह बिष्ट एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक प्रयास नशा मुक्त हो समाज विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लोक भवन देहरादून द्वारा आयोजित एक प्रयास नशा मुक्त हो समाज पर ऑनलाइन माध्यम से अपनी प्रतिभागिता की।

बता दें तीन घंटे से अधिक चले इस कार्यक्रम में समाज की अवधारणा, सामाजिक चेतना व नशा मुक्ति पर चर्चा हुए । दो पैनल डिस्कशन आयोजित किए गए । कार्यक्रम को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने संबोधित किया तथा सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई । कार्यक्रम में अपर सचिव मनोज गोयल, शैलेश बगौली,डॉ अजीत पवार, अनुपम त्रिवेदी, डॉ उनियाल,प्रो. सुरक्षा डंगवाल,डॉ नीलेश आनंद तथा राजा ग्रोवर ने भी विचार रखे । राज्यपाल ने सभी को नशा मुक्त की शपथ दिलाई । कार्यक्रम में डी एस बी परिसर से प्रो. ललित तिवारी समेत डॉ गगन दीप होती, डॉ दीपिका पंत,डॉ नंदन मेहरा,डॉ अमित मेलकानी सहित खुशी, एल सी सिद्धार्थ सिंह आदि शामिल हुए। दूसरी ओर डीएसबी परिसर में बुधवार को हिमालय दिवस के अवसर पर प्रो. ललित तिवारी ने एम एससी तथा फ रैस्ट्री के विद्यार्थियों को हिमालय बचाओ तथा नशा मुक्ति शपथ कराई जिससे विद्यार्थी जागरूक हो सके।



## NEWS / फटाफट

### कूटा ने डा.बिष्ट के प्रोफेसर पद पर चयन पर जताई खुशी

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के पुरातन छात्र डॉ. भूपेंद्र सिंह बिष्ट का दून विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर भूगोल विभाग पर चयन हुआ है । डॉ बिष्ट ने कार्यभार ग्रहण किया है तथा वह विभागाध्यक्ष भी बने हैं । बता दें डॉ. बिष्ट ने डीएसबी परिसर के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. पी सी तिवारी के निर्देशन में अपनी पीएचडी पूर्ण की थी। डॉ. बिष्ट के चयन पर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ ( कूटा) के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

नैनीताल । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 786वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 786वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### हिमालय संग्रहालय में पंत जयंती पर आज से प्रदर्शनी का आयोजन

नैनीताल । कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के इतिहास विभाग के तहत संचालित हिमालय संग्रहालय में पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जयंती के मौके पर 10 सिंतबर (आज) से लेकर 30 सिंतबर तक पंडित पंत के छायाचित्रों व उनके पत्रों की प्रदर्शनी आयोजित कर रहा है। इन छायाचित्रों के माध्यम से प0डित पंत के व्यक्तित्व व कृतित्व के महत्वपूर्ण आयामों पर प्रकाश डाला जायेगा। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 संजय घिल्डियाल तथा संग्रहालय प्रभारी प्रो0. सावित्री कैड़ा जंतवाल ने परिसर के प्राध्यापकों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों के साथ साथ आमजन से भी प्रदर्शनी का अवलोकन करने का आग्रह किया है।

### इतिहास विभाग व नासा ने रक्तदान कर किया पुण्य कार्य



नैनीताल । नैनीताल के राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में बुधवार को कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के इतिहास विभाग तथा नैनीताल एक्वेटिक एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन (नासा) ने अलग-अलग रक्तदान शिविर लगाकर पुण्य का कार्य किया। इतिहास विभाग की ओर से प्रो. रीतेश साह, डॉ. पूरन सिंह अधिकारी, किशोर कुमार, पंकज सिंह बिष्ट, सतीश सिंह राणा, दीपक, अरविंद सिंह बगियाल, सुनील कुमार एवं कमल सिंह सहित अन्य सदस्यों ने रक्तदान किया।शिविर में इतिहास विभाग के गुरुजनों, शोधार्थियों तथा कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नासा की ओर से नासा के अध्यक्ष यशपाल सिंह रावत के नेतृत्व में शिविर में नासा की ओर से प्रो. रीतेश साह, धीरज बिष्ट, भूपाल सिंह बिष्ट, हर्ष वर्धन छाबड़ा, सरिता बिष्ट, तरुण बिष्ट, नितिन, रितिका गैड़ा तथा मनमोहन सिंह चिलवाल ने रकतदान किया।नासा के सदस्यों ने कहा कि संस्था भविष्य में भी झील संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, युवा विकास, खेल गतिविधियों और सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी जारी रखेगी। शिविर मेंजिला अस्पताल के बलड बैंक प्रभारी डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव समेत गणेश दत्त पलडि?ा, संगीता प्रकाश एवं राकेश ने रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच तथा सुरक्षित रक्त संग्रह की व्यवस्था सुनिश्चित की।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया चुनावी हैट्रिक का मूल मंत्र!

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश पदाधिकारी एवं विस्तारित कार्यसमिति बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उत्तराखंड में आगामी चुनाव में ऐतिहासिक हैट्रिक लगाते हुए दो तिहाई बहुमत की दिशा में आगे बढ़ने काआह्वान किया। जिसके लिए उन्होंने विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी उपलब्धियों के आधार और नकारत्मक राजनीति के कड़े प्रतिकार का मूल मंत्र दिया।

बैठक में उन्होंने कहा कि जिस तरह देश और प्रदेश में समाज को विभाजित करने की मंशा से कांग्रेस राजनीति कर रही है, उसका हमें लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देना है। भाजपा की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा वाले समर्पित कार्यकर्ताओं के रहते कोई भी सनातन संस्कृति और देवभूमि की साख को बदनाम नहीं कर सकता। कहा, छद्म और षड्यंत्रकारी राजनीति की पोल भी जनहित में खोलनी ही होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग चुनावी मैदान में भाजपा से जीत नहीं सकते, वे अब छद्म और षड्यंत्रकारी राजनीति का सहारा ले रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी इस राजनीति का पर्दाफाश करेंगे और विकास व सकारात्मक मुद्दों को प्रमुखता से आगे रखेंगे। नवीन ने कहा कि हमें केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों और साहसिक निर्णयों के दम पर जनता का विश्वास जीतना है और नकारात्मक राजनीति को समाप्त करना है। उन्होंने वंदे मातरम को राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए विपक्ष पर निशाना साधा कि जो लोग समाज को जातियों में बांटने की राजनीति कर रहे हैं, वही तुष्टीकरण के लिए राष्ट्रगीत वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं। राष्ट्रगीत आजादी की लड़ाई का मूल मंत्र और स्वतंत्र भारत का स्वाभिमान रहा है, जो विकसित भारत के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाएगा।

जनता के भाजपा पर विश्वास को वोट में बदलने के लिए घर-घर जनसंपर्क का मूलमंत्र विस्तार से समझाया। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के शानदार कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जनता का पूर्ण विश्वास भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता ने भाजपा के पक्ष में मन बना लिया है, अब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे घर-घर जाकर अपनी सक्रियता से इस जनसमर्थन को वोटों में तब्दील करें प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन के निर्देश पर तय किया गया कि इस बार मंडल के स्थान पर शक्ति केंद्र आधारित रणनीति के साथ चुनाव में जाएगी। इसी तरह मोर्चा की भूमिका को अधिक बढ़ाते हुए उनसे मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर पर संगठन को सक्रिय करने को कहा गया है। साथ ही साथ जो पूर्व में तीन बार के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता, वर्तमान में किसी पद पर नहीं हो उन्हें भी चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बनाया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि इस बार के विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने के साथ-साथ दो तिहाई बहुमत हासिल करने की दृष्टि से रणनीति बनाई जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीर्थ सिंह रावत, राष्ट्रीय मीडिया संयोजक अनिल बलूनी, प्रदेश सहप्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, तरुण बंसल समेत प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी एवं सह प्रभारी भी उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## राजनीति का चश्मा!

*शहरों और सड़कों का नाम बदलने का सिलसिला कई साल पहले से शुरू हुआ है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने निष्पक्ष टिप्पणी की है। उनका कहना है कि सड़क और शहरों के नाम देशभक्ति के आधार पर होने चाहिएं, इससे प्रेरणा मिलेगी। आक्रांताओं के नाम नहीं होने चाहिए। इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वीर अब्दुल हमीद और महान वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर शहरों और रास्तों के नाम होने चाहिएं। जो प्रेरणा राम प्रसाद बिस्मिल से मिलती है, वह अशफाक उल्ला खां से भी मिलती है।*

राजनीति से ही दुनिया के देशों की शासन व्यवस्था संचालित हो रही है। हर काम को राजनीति के चश्मे से देखना उचित नहीं है। शहरों और सड़कों का नाम बदलने का सिलसिला कई साल पहले से शुरू हुआ है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने निष्पक्ष टिप्पणी की है। उनका कहना है कि सड़क और शहरों के नाम देशभक्ति के आधार पर होने चाहिएं, इससे प्रेरणा मिलेगी। आक्रांताओं के नाम नहीं होने चाहिए। इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वीर अब्दुल हमीद और महान वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर शहरों और रास्तों के नाम होने चाहिएं। जो प्रेरणा राम प्रसाद बिस्मिल से मिलती है, वह अशफाक उल्ला खां से भी मिलती है। संघ प्रमुख ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि मुस्लिम का नाम न हो। दरअसल भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के दौरान सड़कों का नाम बदलने को धर्म से जोड़ा जाने लगा। उत्तर प्रदेश में अलग-अलग पार्टियों की सरकारों ने शहरों के नाम बदले। महापुरुषों के नाम से पार्क बनवाये। हालांकि जातिवादी पार्टियों ने जिन महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल किया, उसके पीछे उस जाति के लोगों को वोट बैंक से जोड़ना था। जातिवादी पार्टियों का जनाधार स्थायी नहीं होता है, इसलिए शहरों और सड़कों के नाम बदलने तथा पार्क बनाने का राजनीतिक फायदा ज्यादा दिन नहीं मिला। वर्तमान में केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार ने जिन शहरों और सड़कों के नाम बदले हैं, भारत पर आक्रमण करके जुल्म ढहाने वाले आक्रांता शासकों के नाम पर थे। इतिहास के पन्ने मुगल शासनकाल के दौरान जनता पर जुल्म से भरे हैं। मुगल शासकों ने अपने नाम पर किले बनवाये। सड़कें बनवाईं। इसके बाद ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौरान अंग्रेजों के नाम पर सड़क और इमारतें बनाई गईं। आजादी के बाद गुलामी और आक्रांताओं के नाम के प्रतीक मिटाये नहीं गये। स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों, शहीदों के नाम पर शहर, सड़क और इमारतें होने से आने वाली पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को बल मिलेगा। महापुरुष हमेशा से धर्म, जाति के दायरे से ऊपर होते हैं। इसी लिए संघ प्रमुख ने एपीजे अब्दुल कलाम, अशफाकउल्ला खां और अब्दुल हमीद का उदाहरण दिया है। अब शहर व सड़क के नाम बदलने को दलगत राजनीति से नहीं देखा जाना चाहिए।

# पोषण माह और साक्षरता दिवस के प्रति जागरूकता अभियान

**पंतनगर**

हमारे संवाददाता




गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के तत्वावधान में रावे कार्यक्रम 2026 का आयोजन सिंघल फार्म, गोपीपुरम (हल्दूचौड़) में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा साक्षरता एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। पोषण माह सितंबर 2026 के अंतर्गत छात्रों द्वारा पोषण स्वर बढ़ाने में आंगनबाढ़ी की भूमिका बताते हुए 'हमारी आंगनबाडी हमारी जिम्मेदारी' विषय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों और ग्रामीण महिलाओं ने अपनी भरपूर सहभागिता दी। रैली का आयोजन सिंघल फार्म और गोपीपुरम ग्रामसभा दुम्काबंगर बच्ची धर्मा, हल्दूचौड़ के ग्रामों में किया गया। इसी क्रम में बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका, बाल पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक बाल विकास, देखभार के प्रति लोगों को जागरूक किया गया एवं आंगनबाड़ी सेवाओं एवं माताओं और बच्चों के लिए उपलब्ध सेवाओं विशेषकर पोषण सुविधाओं के प्रति जागरूकता प्रदान की गई। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा एवं साक्षरता के महत्व को दर्शाते हुए विभिन्न वर्गों जैसे पी.एम. किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना और बुनकरों के लिए पी.एम. विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी।कार्यक्रम अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के निरंतर प्रोत्साहन एवं कोर्स इंचार्ज डा. अनुपमा पांडे और डा. मोनिका खोलिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों ने अपनी सहभागिता रही। ग्राम प्रधान रूकमणी नेगी ने ग्रामीणों, छात्रों का उत्साहवर्धन किया और इस तरह के कार्यक्रम को आगे भी करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सुनीता अधिकारी बीना थुवाल, गिरीश चंद्र मिश्रा, वार्ड मेम्बर भी शामिल रहे।

## ज्योलीकोट में चोरी के प्रयास में पुलिस ने दो को धरा

नैनीताल । जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट में देर रात्रि दो नेपाली मजदूर युवकों ने मुखय बाजार में स्थित जोशी न्यूज एजेंसी में चोरी का प्रयास किया गया। पड़ोसियों की सतर्कता तथा जानकारी मिलने के कारण चोरी का प्रयास असफल रहा। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने इन दोनों को धर दबोचा।

बता दें मंगलवार की मध्य रात्रि को दो नेपाली मजदूर युवकों द्वारा उक्त दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास किया गया, दुकान के आसपास के लोगों को जब ताले तोड़े जाने का एहसास हुआ तो 112 और स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गई।

### सूचना

मेरे सभी प्रपत्र ( आधार कार्ड पैन कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र) में मेरा नाम नंदिनी पाठक है लेकिन मेरे वाहन UK04 CA 5013 में मेरा नाम ज्योति पाठक के नाम से पंजीयन है, अतः मेरे वाहन के पंजीयन को भी नंदिनी पाठक नाम से जाना पहचाना जाए।

# ज्योलिकोट क्षेत्र में जल जनित रोगों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सीएमओ डॉ. रश्मि पंत के निर्देश पर ज्योलिकोट क्षेत्र में जल जनित रोगों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

ज्योलिकोट क्षेत्र में तैनात स्वास्थ्य टीमों द्वारा घर-घर जाकर परिवार के प्रत्येक सदस्य के स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। बुधवार को टीमों द्वारा 94 घरों का भ्रमण कर 113 लोगों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान ओआरएस, जिंक एवं क्लोरीन की गोलियां वितरित की गईं तथा 90 लोगों के बलड सैंपल की जांच की गई। प्रभावित क्षेत्रों में आशाओं एवं स्वास्थ्य टीमों के माध्यम से 3900 क्लोरीन टैबलेट भी वितरित की गईं इसके साथ ही गांजा, वीरभट्टी, बेलवाखान, सरियाताल, ज्योलिकोट, भल्यूटी एवं चोपड़ा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए जहां लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाएं एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 98 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई जिसमें आवश्यकता के अनुसार 7 लोगों को भर्ती किया गया। बुधवार को नीलकंठ हॉस्पिटल से डॉ. मेघा रखोलिया एवं डॉ. सलीम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में ओपीडी सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान क्षेत्रवासियों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार मुहैया कराया गया। अब आज बीरवार से ज्योलिकोट क्षेत्र में सचल चिकित्सा वाहन तैनात किया जाएगा। सचल चिकित्सा वाहन के माध्यम से क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ आवश्यक लैब टेस्ट की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी।

# फिल्मी दुनिया

## रानी मुखर्जी: सिनेमा में योगदान के लिए अभिनेत्री को सम्मान



*रानी मुखर्जी को 62वां महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज कपूर विशेष योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान एक्ट्रेस भावुक हो उठीं।*

*बुधवार को 62वां महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह मुंबई में आयोजित हुआ। इस दौरान अभिनेत्री रानी मुखर्जी को राज कपूर विशेष योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह मुंबई के रवींद्र नाट्य मंदिर में आयोजित हुआ था। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित थे। उन्होंने रानी मुखर्जी को उनके सिनेमा में वर्षों के योगदान के लिए सम्मानित किया। एक्ट्रेस रानी मुखर्जी को इस सम्मान को पाकर मंच पर भावुक दिखाई दी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यही बात इस पल को मेरे लिए सचमुच खास बनाती है, क्योंकि मुझे यह सम्मान अपने ही लोगों और अपनी जन्मभूमि से मिल रहा है। भारतीय सिनेमा के दिग्गज राज कपूर जी के नाम पर दिए जाने वाले इस पुरस्कार को प्राप्त करना अपने आप में बहुत ही सम्मान की बात है। और मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं इस सम्मान के अनुरूप रहूंगी।*

### कहा मुंबई ने दी पहचान

*रानी मुखर्जी ने आगे लोगों को संबोधित करते हुए मंच से कहा, 'मुंबई ने मुझे मेरी पहचान दी है। इसने मुझे श्रोता दिए हैं। इसने मुझे करियर दिया है। और यह मेरा घर, मेरा सुरक्षित स्थान, मेरा सब कुछ रहा है। इसलिए यह पुरस्कार मेरे दिल में एक बहुत ही खास जगह रखेगा क्योंकि जब भी मैं इसे देखूंगी, मुझे सिर्फ एक पुरस्कार नहीं दिखेगा। मुझे मेरा मुंबई, मेरा महाराष्ट्र दिखेगा।'*

# खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों की प्रतिभा को मिली पहचान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के धारी बलॉक के अन्तर्गत न्यायपंचायत सरना हेतु खेल महाकुंभ डी0एस0बी0 आगर इण्टर कालेज टांडी पोखराड़ के खेल मैदान में हुआ।

इससे पूर्व संकुल नोडल अधिकारी द्वारा महाकुंभ का श्रीगणेश किया गया। महाकुंभ में 14 वर्ष तक आयु वर्ग के विद्यालयी एवं ग्रामीण प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, खो.खो, मुर्गा झपट आदि अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के तहत 60 मीटर दौड में दिवाकर धौनी, भानु प्रताप व धीरज बोरा,600 मीटर दौड़ में कार्तिक शर्मा,तनुज बिष्ट व रोहित, लंबी कूद में पीयूष कुमार,कार्तिक,मनोज बेलवाल तथा गोला फैंक में रजत बेलवाल,पियूष कुमार व तनुज बिष्ट ने पहला,दूसरा व तीसरा स्थान पाया।पुरस्कार वितरण समारोह के पश्चात् नोडल अधिकारी श्री पुष्पेश सांगा द्वारा कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने के लिए खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य वरन मानसिक स्वास्थ्य में भी संवर्धन करता है। अंत में नोडल अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई दी गई तथा सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों को उनके सहयोग हेतु आभार प्रकट किया गया। आयोजन को सफल बनाने में व्यायाम शिक्षक श्रीमती नीमा साह, पुनीत यादव, सुनीता कोरी तथा सभी शिक्षकों ने सहयोग किया। इस दौरान राजकीय शिक्षक संघ के बलाक अध्यक्ष धारी दीप चंद्र जोशी भी मौजूद रहे।

News कॉर्नर

## भारत रत्न पंडित गोविन्द वल्लभ पंत जी को 139वीं जयंती पर डीएम ने श्रद्धांजलि दी

रुद्रपुर। भारत रत्न पंडित गोविन्द वल्लभ पंत जी की 139वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी के चित्र का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, डीजीसी मनोज तिवारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर पंडित पंत जी को नमन कर श्रद्धांजलि दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि पंडित गोविन्द वल्लभ पंत जी स्वतंत्र भारत के महान राजनेता, दूरदर्शी प्रशासक एवं कुशल संगठनकर्ता थे। उन्होंने उत्तराखंड के पहाड़ी अंचलों से लेकर देश की राजनीति तक अपनी अद्वितीय छाप छोड़ी, वे न केवल उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री रहे, बल्कि देश के गृहमंत्री के रूप में भी उन्होंने प्रशासनिक सुधारों और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होने कहा कि पंडित पंत जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका संघर्ष, त्याग और राष्ट्रसेवा का जज्बा भावी पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि पंडित पंत जी के आदर्शों को आत्मसात कर जनता की सेवा को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कार्यक्रम में अधिकारी व कलेक्ट्रेट परिवार उपस्थित थे।



# धूमधाम से मना सेंट मैरीज कॉन्वेंट कॉलेज का स्थापना दिवस

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सेंट मैरीज कॉन्वेंट कॉलेज में विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक सांस्कृतिक समारोह संस्कृति-2026 का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस वर्ष समारोह की थीम मोज़ेक हर टुकड़े का अपना महत्व रही जो एकता, विविधता और प्रत्येक व्यक्ति के योगदान की महत्ता को दर्शाती है।

समारोह की मुखय अतिथि सिस्टर दीपा सीजे रहीं जो कॉन्ग्रिगेशन ऑफ जीसस की दिल्ली प्रोविंस की प्रोविंशियल सुपीरियर हैं। एक अनुभवी शिक्षाविद् और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता के रूप में उन्होंने शिक्षा एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर टॉसी प्रबंधक सिस्टर जोसेलीन एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद प्रार्थना नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। प्रधानाचार्या सिस्टर टॉसी ने अपने संबोधन में एकता, सहयोग और मिल जुलकर आगे बढ़ने के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने और एक दूसरे का साथ देने के लिए प्रेरित किया।




समारोह में छह विद्यालयों सेंट जोसेस कॉलेज, बिड़ला विद्या मंदिर, लॉन्गव्यू पबलिक स्कूल, सनवाल स्कूल तथा मोहन लाल शाह बाल विद्या मंदिर तथा सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज ने भाग लिया। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने नृत्य, भाषण एवं भूमिका अभिनय सामूहिक वाचन, नाटिका, बैंड, क्रिंट हर्डल्स और डॉयूमेंट्री जैसी विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

मंचीय प्रस्तुतियों के साथ.साथ कविता लेखन, स्लोगन लेखन एवं सुलेख, मोजेक कला और क्विज जैसी ऑफ.स्टेज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और विचारों को अलग.अलग माध्यमों से प्रस्तुत करने का अवसर दिया।विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए कला, संगीत व रंगमंच, साहित्य व पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञों को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया। निर्णायक मंडल में मिथिलेश पांडे, हरीश सिंह राणा, सुप्रिता साह, डॉ. रवि जोशी, डॉ. हरि प्रिया पाठक, गोपेश सिंह बिष्ट, मनोज कुमार, डॉ. पूनम बिष्ट, डॉ. अलंकार महतोलिया, डॉ. रीना सिंह तथा सुश्री निधि छिमवाल शामिल रहे। उन्होंने सभी के सहयोग, समर्पण और उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि यही सामूहिक सहभागिता संस्कृति जैसे आयोजनों को सफल और यादगार बनाती है।संस्कृति -2026 विद्यालय के स्थापना दिवस का एक यादगार उत्सव रहा।

# मनोज कुमार तिवाड़ी अध्यक्ष एन डी तिवाड़ी बने महामंत्री

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

युवा सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति शीशमहल के पंच वर्षीय चुनाव रामलीला भवन शीशमहल काठगोदाम में चुनाव अधिकारी पर्यवेक्षक के आर पांडे और भूपेंद्र सिंह रावत के दिशा निर्देश में बुधवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुऐ, जिसमें पूर्व की भांति कार्यकारणी को पांच वर्षों के लिए फिर से चुन लिया गया।जिसमें अध्यक्ष मनोज कुमार तिवाड़ी(विन्नी) उपाध्यक्ष दिनेश फुलारा ,मनोज तिवाड़ी ,पुष्पा संभल ,महामंत्री एन डी तिवाड़ी,सचिव विक्रम सिंह डंगवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश तिवाड़ी ,सह कोषाध्यक्ष मोहन सिंह अधिकारी,मोहन चंद बलूटिया, सहमंत्री नारायण दत्त सनवाल ,मुख्य व्यवस्थापक गिरीश चंद तिवाड़ी जबकि हरीश बलूटिया, भास्कर बलूटिया, नेत्र बल्लभ बृजवासी, भुवन चंद तिवाड़ी, नीरज जोशी, उमेश चंद तिवाड़ी को व्यवस्थापक चुना गया है इस मौके पर कमल पपने, जगदीश प्रसाद गौड़, केशव तिवाड़ी, बालम मेहरा, विनोद भट्ट, अनिल तिवाड़ी, बालकिशन, उमेश जोशी, चंद्रशेखर शर्मा, मनीष गौड़, खीमानंद तिवाड़ी, नवीन भट्ट, हरीश जोशी सहित कई सदस्य मौजूद रहे,इससे पहले कोषाध्यक्ष ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की,नव निर्वाचित अध्यक्ष/महामंत्री ने सभी का आभार जताया ओर कहा आप लोगों ने उन पर जो भरोसा जताया है उसे वे सभी के सहयोग से पूरा करेंगे। साथ ही रामलीला के आयोजन के लिए सभी तैयारी को समिति के पदाधिकारियों अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है ,तालीम 6 सायं बजे से शुरू कर दी गई है।



## रॉयल राजपूत बनी एडम्स नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की चैंपियन

अल्मोड़ा। एडम्स क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार देर रात फाइनल मुकाबले के साथ समापन हुआ। खिताबी मुकाबले में रॉयल राजपूत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फील्ड सेवन को 13 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। देर रात तक चले रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

उत्तराखण्ड शासन

"भारत रत्न"
पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त



(10 सितम्बर 1887 - 7 मार्च 1961)

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कुशल प्रशासक की जयंती पर

उत्तराखण्ड वासियों की ओर से शत शत नमन

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | X DIPR_UK | f UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# नैनीताल विस से पूर्व मंत्री आर्य व पूर्व जिपंअ बीना ने जताई दावेदारी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व परिवहन एवं खाद्य मंत्री सुरेश चंद्र आर्य तथा भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बीना आर्य ने नैनीताल विधान सभा सीट से दावेदारी जताई है ।

बुधवार को नैनीताल कलब में पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री सुरेश आर्य ने कहा कि उनका परिवार लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करने में मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। उन्होंने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारी पेश करते हुए कहा कि यदि पार्टी उन्हें या उनकी पत्नी श्रीमती बीना आर्य को 58 नैनीताल (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाती है तो वे यहाँ से भारी मतों से विजय प्राप्त कर कमल खिलाएंगे। सुरेश आर्य ने बताया कि वे लगातार 58- नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामीण इलाकों का लगातार भ्रमण कर रहे हैं। इस दौरान वे जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता से सीधा जनसंपर्क साध रहे हैं। क्षेत्रवासियों की जो भी जनसमस्याएं सामने आ रही हैं उन्हें सरकार के माध्यम से हल कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार बेहतरीन काम कर रही है और प्रदेश का बहुमुखी विकास हो रहा है।सुरेश आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर नितिन नवीन के नेतृत्व में और उत्तराखंड राज्य में राज्यसभा सांसद व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में लगातार मजबूत हो रही है।

उन्होंने पूरा विश्वास व्यक्त किया कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड के साथ.साथ अन्य राज्यों में भी भाजपा परचम लहराएगी और पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता संतोष आर्य, भूपाल चंद्र आर्य, आशीष आर्य और बसंत कुमार सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।



# मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने जम्मू में रचा इतिहास



नैनीताल। जम्मू-कश्मीर के जमम् स्थित इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भगवती नगर में आयोजित 15वीं नेशनल वोविनम चैंपियनशिप में नैनीताल ताइक्वांडो कलब के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पूरे उत्तराखंड राज्य का गौरव बढ़ाया है। वोविनम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कलब के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुल 13 मेडल अपने नाम किए नैनीताल ताइक्वांडो कलब के अध्यक्ष विश्वकेतु वैद्य एवं सचिव विनोद कुमार वैद्य के कुशल दिशा.निर्देशन और टीम हेड व मुखय कोच विष्णु के बेहतरीन मार्गदर्शन में इस चैंपियनशिप के लिए कुल 15 सदस्यीय दल जमम् रवाना हुआ था। प्रतियोगिता में देश भर के शीर्ष खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती देते हुए नैनीताल के मार्शल आर्ट्स योद्धाओं ने 4 स्वर्ण, 2रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

खिलाड़ियों की इस अभूतपूर्व राष्ट्रीय सफलता पर कलब के संरक्षक व सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, वोविनम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष ऋषिपाल एवं सचिव विनोद लखेड़ा, उत्तराखंड टीम कोच व नैनीताल ताइक्वांडो कलब के अध्यक्ष विश्वकेतु वैद्य, सचिव विनोद कुमार वैद्य समेत डॉ मनोज सिंह बिष्ट,मनोज जोशी, कैंट नैनीताल की सीईओ तनु जाट समेत खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए खिलाडियों के बेतहर उज्जवल भविष्य की कामना की।